Nai Dunia, 22nd April 2022, Page – 02

# बिजली कंपनी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में मदद करेगा आइआइटी

इंदौर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) बिजली कंपनी के लिए नई तकनीक उपलब्ध कराएगा। इसका फायदा कंपनी और उपभोक्ता दोनों को मिलेगा। आइआइटी का दल डा. तृप्ति जैन के नेतृत्व में बिजली वितरण कंपनी के पोलोग्राउंड स्थित मुख्यालय पहुंचा। दल ने स्मार्ट मीटर के लिए तैयार कंट्रोल सेंटर का कामकाज देखा। दल को स्मार्ट मीटर योजना, तकनीकी उन्नयन, उपभोक्ता सुविधा, देशभर में स्मार्ट मीटरिंग को लेकर किए जा रहे काम, सही रीडिंग, बिलिंग को लेकर विवादों में आई कमी आदि के बारे में जानकारी दी गई। डा. जैन ने कहा कि आइआइटी की इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा बिजली कंपनी की मदद करेगी। आइआइटी बिजली कंपनी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग टूल्स उपलब्ध कराएगी। प्रोफेसर और विद्यार्थी यह काम करेंगे।